मुम्बई से गोवा की समुद्री यात्रा का वो रोमांच, जो आप शायद ही भूल पाएँ !

सागर की लहरों पर तैरते जहाज की यात्रा का आनन्द लेना हर किसी का सपना हो सकता है। इस सपने को साकार करने के लिये पानी के जहाज (क्रूज) से समुंद्री पर्यटन के शौकीन सैलानियों के लिए सहज सुलभ मुम्बई से गोवा की यात्रा एक बेहतर विकल्प है। निश्चित ही समुंद्री यात्रा करने वालों के लिये यह यात्रा उनके जीवन के यादगार पलों में शामिल रहेगी, जिसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे। यह क्रूज डीप सी में न जाकर कोस्टल एरिया से जाता है जिससे यात्री सफर के दौरान कोस्टल की खूबसूरती को निहारने का आनन्द प्राप्त करते हैं। वैसे तो मुम्बई से गोवा का सफर 8 घंटे का है परंतु अंग्रीया क्रूज की लग्जरी सुविधा का पूरी तरह से लुत्फ़ उठाना चाहते हैं तो यह समुद्री यात्रा 16 घण्टे में पूरी होती है।

करीब 30 से 32 किमी.प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाले क्रूज की गोवा की यात्रा में वह सब सुविधाएं और मनोरंजन उपलब्ध हैं जो किसी पांच तारा होटल में होते हैं, यह भी कह सकते हैं कि सागर पर तैरता पांच तारा होटल है। शिप पर शाकाहारी एवं मांसाहारी दोनों प्रकार के भोजन एवं सुबह के नाश्ते में कई किस्म के व्यंजन उपलब्ध रहते हैं। सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है तथा पढ़ने के शौकीन यात्रियों के लिए एक रिडिंग सेक्सशन बनाया गया है। शाम को रवानगी के करीब एक धंटे पश्चात सूर्यास्त का दृश्य एवं सुबह सूर्योदय का नज़ारा मनभावन होता है। कमरों की खिड़कियों से समुंद्रीय दृश्य देखना शांति प्रदान करता है। रेस्टोरेंट्स में भोजन एवं नास्ते के साथ-साथ खिड़कियों से बाहर का सीन देख सकते हैं। शिप पर वाई-फाई सुविधा उपलब्ध नहीं है। शिप पानी में थोड़ा इधर-उधर होने पर डरने की जरूरत नहीं है, ऐसा स्वभाविक तौर पर होता है।

आपको बतादें अंग्रीया क्रूज की सेवा मुम्बई से 20 अक्टूबर 2018 से प्रारंभ की गई थी। क्रूज आंग्रीया के पहले दिन अर्थात 20 अक्टूबर को ही शिप पर एक कपल ने अपने जीवन के सबसे यादगार पल का जश्न मनाया। क्रूज पर मौजूद एक कपल ने समंदर के बीचों-बीच शादी रचाई। इस दौरान उन्होंने शिप पर ही केक काटा और जश्न मनाया। इस मौके पर कैप्टन ने कहा कि- “हमें भी शादी का जश्न मनाने का पूरा हक है, बाद में वे कोर्ट में साक्ष्य पेश करेंगे कि उन्होंने समंदर में शादी रचाई है। मुझे इस बात की खुशी है कि भारत के पहले क्रूज पर ये चांस मिला”। इस दिन के बाद नियमित यात्राएं 24 अक्टूबर से प्रारम्भ की गई। मानसून काल को छोड़ के वर्ष भर क्रूज यात्रा की सुविधा उपलब्ध है।

इस क्रूज की क्षमता एक बार में 400 यात्रियों की है। समूह यात्रियों के लिये डोरमेट्री के साथ-साथ कपल पाड, प्रीमियम सूइट, प्रीमियम सूइट कपल, दो एवं चार लोगों के लिये प्रीमियम रूम की सुविधा जहाज पर उपलब्ध कराई गई हैं। सभी श्रेणियों की आवासीय सुविधा की दृष्टि से क्रूज पर 104 कमरें बनाये गये हैं। करीब 131 मीटर लंबे एवं 6 मंजिले क्रूज की सुंदरता देखते ही बनती है,वहीं अंदर की खूबसूरती भी दिलकश और मनभावन है। यह पूर्णत: जापानी डिजाइन में बना है।

शिप पर 2 रेस्टोरेंट हैं जिन पर पर 24 घंटे कॉफी शॉप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसमें एक इनफिनिटी स्वीमिंग पूल है, जिसकी डिजाइन समुद्र के पानी में नहाने जैसा एहसास दिलाती है। इसमें अल्ट्रा मॉडर्न इवेल्यूएशन सिस्टम लगाया गया। इससे आपात स्थिति में इसे 20 से 30 मिनट में खाली किया जा सकता है। क्रूज में 50 से 150 की क्षमता वाले ऐसे हॉल एवं डेक भी हैं, जहां पार्टी भी दी जा सकती है। यहां आप विवाह, जन्मदिन या और कोई यादगार दिन की शानदार पार्टी भी यहाँ कर सकते हैं। यही नहीं विवाह भी रचा सकते हैं।

यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा करने के लिये शिप के किराए की 6 श्रेणियां हैं, जो 7 से 12 हजार तक हैं। आपको बतादें किराए में हाई टी, डिनर और ब्रंच भी शामिल है। यह विश्व का पहला क्रूज है, जिसमें कपल पॉड (सुविधाओं से लैस बड़ा कैप्सूल जैसा) का सेगमेंट दिया गया है। जहाज में 6 बार हैं, जहां सभी तरह के मनपसंद ड्रिंक के लिए अलग से भुगतान करना होता हैं। अलग से भुगतान के लिये नकद,चैक, पेटीएम आदि से भुगतान नहीं लिया जाता वरण " अंग्रीया" कार्ड लेना पड़ता हैं जो चेकिंग काउंटर एवं क्रूज में भी उपलब्ध है। इसे दिखा कर ही आप शिप पर कोई वस्तु क्रय कर सकते हैं। इसमें कम से कम एक हज़ार पांच सौ रुपये राशि का अग्रिम जमा करना होता है।

यह क्रूज सप्ताह में तीन दिन सोमवार,बुधवार एवं शुक्रवार को मुंबई से सांय 4 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रात: 9 बजे गोवा पहुँचता है और वहाँ रात्रि को ठहर कर तीन दिन मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार को गोवा से सांय 4 बजे चल कर प्रात: 9 बजे मुम्बई पहुँचता है। यात्रा के लिए कुछ समय करीब 2 घण्टे पूर्व मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट पहुँच जाना चाहिए जिस से चैकिंग आदि में लगने वाले समय की वजह से परेशानी नहीं हो। सभी यात्रियों की चेकिंग में समय लगने की सम्भावना रहती है। यहीं पर समान देना होता है तथा सुरक्षा चेकिंग की जाती है। आगे चल कर एक बार पुन: सुरक्षा चैकिंग होती है। पोर्ट से से फेरी बोट द्वारा आपको क्रूज तक ले जाया जाता है।

क्रूज से यात्रा की बुकिंग सीधे वेबसाइट से या एजेंटों के जरिए कर सकते हैं। अग्रिम बुकिंग करना सुविधाजनक यात्रा के लिये उचित रहता है। जहाज पर समुद्र की तरफ विंडो वाले कमरों के साथ-साथ बिना विंडो वाले कमरे भी होते हैं। जहाज के रिसेप्शन लॉबी में मराठा नौसेना के पहले एडमिरल कान्होजी आंग्रे की बड़ी तस्वीर लगाई गई है, जिनके नाम पर इस जहाज का नाम अंग्रीया रखा गया है। अंग्रीया क्रूज जापान से ओगासाआरा आइसलैंड के बीच चलता था। इसे खरीदकर मुंबई पोर्ट में इसे मॉडीफाई कराया गया है। मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट से शुरू होकर यह रोमांचक यादगार यात्रा गोवा के मरगुवा पोर्ट पर अपना गंतव्य पूर्ण करती है।

गोवा हमेशा से पर्यटकों के दिल के करीब रहा है। मुंबई से गोवा जाने के लिए अभी तक आपने या तो बस, ट्रेन या फिर हवाई सफर का सहारा लिया होगा। लेकिन अब आपके लिए यह एक नया सरप्राइज है, मुंबई से गोवा जाने वाली क्रूज सेवा से समुद्री यात्रा का अनूठा आनन्द प्राप्त करें और यात्रा को चिरस्मरणीय बनाये।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं व विभिन्न विषयों पर नियमित लेखन करते हैं)